आकाशवाणी चंडीगढ़

10 मई 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा मे नगर निकाय का आम चुनाव और पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ – हिसार मे 72 प्रतिशत , सांपला मे 71 प्रतिशत और उकलाना मे 69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

3. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभावित बाढ़ और लू की स्थिति से निपटने के लिए देश की तैयारियों की समीक्षा की।

4. गुजरात के सोमनाथ मंदिर में कल पूरे उत्साह के साथ अमृत पर्व मनाया जाएगा – हरियाणा के शिव मंदिरों मे भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

5. गुरुग्राम की धनशोधन निवारण अदालत ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा का 7 दिन का रिमांड दिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में नगर निकाय का आम चुनाव और पंचायत उप चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। पंचकूला,अंबाला, सोनीपत और अन्य कई स्थानों से मिली जानकारी के अनुसार मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक जारी रहा। मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। चुनाव सम्पन्न होने से पहले मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार उकलाना नगर पालिका के लिए 69 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने बताया कि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार सभी स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। नगर निगम अंबाला में 50 प्रतिशत, हिसार में 72 प्रतिशत, रोहतक के सांपला नगर पालिका में 71 प्रतिशत, पंचकूला में 50 प्रतिशत ,नगर निगम सोनीपत में 45 प्रतिशत तथा व रेवाड़ी में 60 प्रतिशत और मतदान दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे तक जो लोग लाइनों में लगे थे उनको वोट डालने दिया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि शाम के बाद मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद के तिगाँव उपमंडल के गांव शाहुपुरा खादर में आयोजित पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।चुनाव के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए।प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का दौराकर स्थिति पर नजर बनाए रखी, जिससे मतदाताओं ने बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्रामीणों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। शाम 4 बजे तक कुल 80.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत केंद्र सरकार की राष्ट्रीय नीति के प्रति जनता के समर्थन का प्रमाण है। श्री मोदी ने कहा कि चुनाव परिणामों से देश की भावना का पता चलता है। आज बेंगलुरु में भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो तेज़ी से कार्य कर सके, सुशासन दे सके और समस्याओं का समाधान कर देश को आगे ले जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए का शासन अब 21 राज्यों में है जहां लोक कल्याण तथा देश की समृद्धि के लिए काम हो रहा हैं।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

*वर्षों से कांग्रेस देश की महिलाओं की आंखों में धूल झोंकती रही है। कांग्रेस महिला आरक्षण का वादा करती थी और फिर अपने ही सहयोगी दलों से इसका विरोध करवाती थी। बड़ा खेल चला करता था। बीजेपी ने इस खेल को खत्म किया। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार कानून बनाया, लेकिन साथियों कांग्रेस देश की सबसे बड़ी नारी विरोधी पार्टी है, इसिलए कांग्रेस ने संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन को गिरा दिया है।*

-----------------------------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभावित बाढ़ और लू की स्थिति से निपटने के लिए देश की तैयारियों की समीक्षा बैठक की है। नई दिल्ली में आज एक उच्च स्तरीय बैठक में श्री शाह ने सरकारी एजेंसियों की तैयारियों का आकलन किया, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, संसाधनों की तैनाती और अंतर-एजेंसी समन्वय की समीक्षा की। गृह मंत्री ने देश में किए जा रहे दीर्घकालिक बाढ़ निवारण उपायों की प्रगति की भी समीक्षा की, जिनमें महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं का संरक्षण, नदी प्रबंधन पहल और पूर्वानुमान में वैज्ञानिक प्रगति शामिल हैं।

बैठक में जन जागरूकता, जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए निर्माण कार्यक्रमों और आवश्यक राहत सामग्री और चिकित्सा तैयारियों के पर्याप्त भंडार को सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

-------------------------------------------------------------------------------------------

गुजरात में सोमनाथ मंदिर में अमृत पर्व पर हर्षोल्लास और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सोमनाथ अमृत पर्व में शामिल होंगे।

भगवान शिव से जुड़े जो 12 ज्योतिर्लिंग आस्था और श्रद्धा के विशेष केंद्र हैं और उनमें सोमनाथ प्रथम ज्योतिर्लिंग है। अमृत पर्व पर, पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के शिखर का 11 तीर्थ स्थलों के जल से अभिषेक किया जाएगा।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कल ध्वज पूजा और महापूजा होगी।

-------------------------------------------------------------------------------------------

सोमनाथ अमृत पर्व पर अम्बाला छावनी स्थित प्राचीन हाथी खाना मंदिर में भी कल एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी होगा। कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाली जाएगी और प्रमुख संतो को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा भगवान शिव शंकर द्वारा समुद्र मंथन व शिव तांडव के साथ-साथ भगवान शिव पर आधारित गीत की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

-------------------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद की सैनिक कॉलोनी के शिव मंदिर में कल "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त आयुष सिन्हाने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन को सफल एवंव्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पालगुर्जर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर सोमनाथमंदिर के ऐतिहासिक पुनर्निर्माण और उससे जुड़े राष्ट्र गौरव के विषयों को विशेषरूप से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम की खास बात यह रहेगी कि इस

मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोमनाथ से तथा हरियाणा के मुख्यमंत्रीनायब सिंह सैनी का कुरुक्षेत्र से लाइव संबोधन भी होगा इसके लिए लाइव प्रसारण की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन से जुड़ सकें। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, बैठने और यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यकसुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------

गुरुग्राम की धनशोधन निवारण अदालत ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय की 7 दिन की हिरासत में भेज दिया है। निदेशालय ने कल संजीव अरोड़ा को चंडीगढ़ से सौ करोड़ रुपये से अधिक के वस्तु और सेवा कर-जीएसटी के लेनदेन में धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था।अरोड़ा को उनके आवास, उनसे जुड़ी संस्थाओं और हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड के एक कार्यालय सहित उनके चार परिसरों की तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया था।

---------------------------------------------------------------------------------------------

आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज हिसार आकाशवाणी केंद्र में सुगम संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में गायक सुमेश जोशी ने प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया।आकाशवाणी हिसार के कार्यक्रम प्रमुख पवन कुमार ने बताया कि आकाशवाणी समृद्ध विरासत को लोगों तक पहुँचाने के लिए 90 वर्ष पूरे होने पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी 17 तारीख को आकाशवाणी हिसार में एक मैराथन भी आयोजित होगी जिसमें आकाशवाणी की समृद्ध विरासत को लोगों के सामने लेकर जाएँगे और बताएँगे कि किस प्रकार यह लोगों की आवाज़ बनी और किस प्रकार देश के लोगों ने इसको अपनाया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

---------------------------------------------------------------------------------------------